न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट नं0—1, नगीना बिजनौर।

दाण्डिक वाद सं0— 1093/2024

सरकार बनाम शिलगंगे सिंह आदि।

धारा—323,504,506 भा0दं0सं0।

थाना— कोतवाली देहात, जिला—बिजनौर।

मु0अ0सं0 **336/2023**

आरोप

मैं, **अन्नू** न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट नं0—1, नगीना, जिला बिजनौर आप **शिलगंगे सिंह** व **जूली** को निम्न आरोप से आरोपित करती हूँ :—

प्रथमः— यह कि दिनांक 09—12—2023 को समय 11:30 बजे वहद स्थान ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर अंतर्गत थाना क्षेत्र कोतवाली देहात, जिला बिजनौर में आपने वादिनी मुकदमा निर्मला पत्नी धर्मपाल को लात—घूसों व लाठी—डण्डों से स्वेच्छया मारपीट कर उपहति कारित की। इस प्रकार आपने ऐसा अपराध कारित किया जो भारतीय दण्ड संहिता की धारा **323** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है और इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

द्वितीयः— यह कि उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर आपने वादिनी को लोक—प्रशान्ति भंग करने के आशय से गंदी—गंदी गालियां देकर अपमानित किया। इस प्रकार आपने ऐसा अपराध कारित किया, जो धारा **504** भा0दं0सं0 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है और इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

तृतीय— यह कि उपरोक्त दिनांक, समय एवं स्थान पर आपने वादिनी मुकदमा को जान से मारने की धमकी देकर आपराधिक अभित्रास कारित किया। इस प्रकार आपने ऐसा अपराध कारित किया जो धारा **506** भारतीय दण्ड संहिता के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध है और इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

एतदद्वारा मैं आपको निर्देशित करती हूँ कि आपका विचारण उक्त अपराध में इस न्यायालय के समक्ष मेरे द्वारा किया जाये।

दिनांकः **03—03—2025**

(**अन्नू**)
न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट सं0—1,
नगीना, बिजनौर।

अभियुक्तगण को आरोप पढ़कर सुनाया व समझाया गया, जिससे उन्होंने इन्कार किया और न्यायालय के समक्ष विचारण की प्रार्थना की ।

दिनांकः **03—03—2025**

(**अन्नू**)
न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट सं0—1,
नगीना, बिजनौर।

Digitally signed by ANNU
Date: 2025.03.03 16:40:40 IST
Reason: Charge
Location: Judicial Magistrate, Court no-1, Nagina, Bijnor.